THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

| | | |
|---|---|---|
| DATE- //2024<br>GRADE- 10 AB | TERM 2 [2024 -25 ]<br>HINDI [2ND Language]<br>ANSWER KEY | Max marks- 80<br>Time – 3 Hrs |

**सामान्य निर्देशः**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और पालन कीजिए:**

**(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**(ii) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं खंड 'क', 'ख', 'ग' और खंड 'घ'।**

**(iii) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।**

**(iv)यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

## खंड 'क'

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :(3×1+2×2=7)**

**भारत एक विशाल देश है। यहाँ के विभिन्न राज्यों की अपनी क्षेत्रीय भाषाएँ हैं। स्वतंत्रता के पश्चात से मातृभाषा को प्रोत्साहित करने की बातें चर्चा में रही हैं। परंतु इनके विकास के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। इसके कारण प्रत्येक क्षेत्र में विदेशी भाषा अंग्रेज़ी का वर्चस्व स्थापित हो गया। नेल्सन मंडेला ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया अपनी मातृभाषा में होती है। अगर किसी व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में बात करें तो वह बात दिल तक पहुँचती है। यह सर्वविदित है कि मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत सहज एवं सुगम होता है। अपनी मातृभाषा में विद्यार्थी किसी भी विषय को सरलता से समझ लेता है जबकि अन्य भाषाओं में उसे कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विश्वभर के शिक्षाविदों ने मातृभाषा में शिक्षा प्रदान किए जाने को महत्त्व दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार अपनी मातृभाषा में चिकित्सा की पढ़ाई करवाने वाले देशों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति अन्य देशों की तुलना में अच्छी है। चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और जापान सहित अनेक देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सर्वविदित है कि ये देश लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी हैं। इन देशों ने अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करके ही उन्नति प्राप्त की है। यदि स्वतंत्रता के पश्चात भारत में भी**

मातृभाषा में चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती तो हम आज विश्व में और अधिक बेहतर स्थिति में होते। वर्तमान में इस दिशा में ठोस और क्रांतिकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

(i) किसी भी देश के आधारभूत विकास के लिए आवश्यक है:

(a) तकनीकी शिक्षा का विस्तार होना।

(c) किसी भी भाषा में शिक्षा देना।

(b) चिकित्सीय शिक्षा का विस्तार होना।

(d) मातृभाषा में शिक्षा का विस्तार होना।

(ii) 'मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना आसान होता है।' इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से तर्क सही है। हैं?

1. मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना सरल है।

2. मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना जटिल है।

3. मातृभाषा अन्य भाषाओं से कठिन होती है।

4. मातृभाषा और दूसरी भाषाओं में कोई अंतर नहीं है।

(a) 1 सही है।

(c) 1 और 2 सही है।

(b) 3 सही है।

(d) 1 और 4 सही हैं।

(iii) कथन तथा कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन: भारत में शिक्षा के माध्यम में बदलाव वर्तमान की आवश्यकता है।

कारण : शिक्षा के माध्यम के प्रति दृष्टिकोण समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है।

(a) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

(b) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(c) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(d) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(iv)स्वास्थ्य और चिकित्सा की दृष्टि से कौन-से देश अच्छी स्थिति में हैं?

चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और जापान सहित अनेक देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

(v) भारत में क्षेत्रीय भाषाओं के अपेक्षाकृत कम विकसित होने के क्या कारण हैं?

प्रत्येक क्षेत्र में विदेशी भाषा अंग्रेज़ी का वर्चस्व स्थापित हो गया।

2 . निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :(3×1+2×2=7)

गीता में अहंकार को प्रवृत्ति के आठ तत्वों में एक जड़ तत्व के रूप में स्वीकार किया गया है। यह जीवात्मा के साथ चैतन्य होकर मनुष्य को क्रियाशील रखता है। सांख्य दर्शन में इसे बुद्धि का विकार माना गया है। इसलिए सामान्यतः कोई मनुष्य अहंकार शून्य नहीं होता। यद्यपि, सत्वादि गुणों के कारण सभी में इसका प्रभाव भिन्न होता है। यदि वह रजोगुण एवं तमोगुण की प्रधानता से मोहजनित पाप कर्मों का कारक बनता है, तो सत्वगुण के प्रभाव से श्रेष्ठ कर्मों का जन्मदाता भी। प्रायः अहंकार को मनुष्य की आध्यात्मिक और लौकिक जीवन यात्रा में पथ बाधक समझा जाता है परंतु सर्वत्र ऐसा नहीं होता। जैसे अहंकार के विकृत रूप को मद कहा जाता है किंतु यदि यही मद 'श्रीमद्' हो जाए तो ईश्वर प्राप्ति का कारण बन जाता है। इसलिए गीता आदि धर्म ग्रंथों से पूर्व श्रीमद् का प्रयोग होता है। इसी प्रकार यदि अहंकार अपनी मातृभूमि, भाषा एवं संस्कृति के प्रति होने लगे तो आत्म गौरव का प्रतीक बनकर वंदनीय हो जाता है। अहंकार ईर्ष्या का भी जनक है। इसका प्रतिशोध अनर्थकारी हो सकता है। राजर्षि विश्वामित्र इसके उदाहरण है। कामधेनु पुत्री नंदिनी गाय की आकांक्षा से ऋषि वशिष्ठ के ब्रह्मऋषि पद से ईर्ष्या करने वाले विश्वामित्र अहंकार की अग्नि में इतने दग्ध हो गए कि उनके वध का संकल्प लेकर उनकी कुटिया पर पहुँचे किंतु वहाँ तो ऋषिवर अपनी धर्मपत्नी से विश्वामित्र के तपोबल की प्रशंसा कर रहे थे। यह सुनकर विश्वामित्र का प्रतिशोध पश्चाताप में बदल गया। वह ऋषि के चरणों में गिर गए। तब वशिष्ठ ने ब्रह्मऋषि कहकर उन्हें गले से लगा लिया। अब विश्वामित्र का अहंकार भी समाप्त हो चुका था और ब्रह्मऋषि पद की गरिमा का भी ज्ञान हो गया था। वास्तव में अहंकार मनुष्य के विवेक को नष्ट कर देता है जिससे उसे कृत्य और अकृत्य का भान नहीं होता। अतः अहंकार की दिशा को बदलने की आवश्यकता है। तब पतन का कारण समझा जाने वाला अहंकार भी पवित्र संस्कार बन जाएगा।

(i) सांख्य दर्शन में बुद्धि का विकार किसे माना गया है -

(a) नशे की प्रवृत्ति को

(b) अहंकार की प्रवृत्ति को

(c) लड़ाई-झगड़े को

(d) इनमें से कोई नहीं

(ii) कौन- सी जीवन यात्रा में अहंकार को पद बाधक समझा जाता है?

(a) मनुष्य की आध्यात्मिक और लौकिक जीवन यात्रा में

(b) मनुष्य की चारों धाम यात्रा में

(c) मनुष्य की असफलता की यात्रा में

(d) मनुष्य की सफलता की यात्रा में

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को पढ़कर उसमें उचित विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए-

कथन :अहंकार के विकृत रूप को मद कहा जाता है, किंतु यदि

कारण: यही मद श्रीमद् हो जाए तो ईश्वर प्राप्ति का मार्ग बन जाता है।

(a) कथन और कारण दोनों गलत है।

(b) कथन गलत है जबकि कारण सही है।

(c) कारण गलत है और कथन सही है।

(d) कथन तथा कारण दोनों सही है। कारण,कथन की सही व्याख्या करता है

(iv) विश्वामित्र किस कारण से वशिष्ठ का वध करने उनकी कुटिया पर पहुँचे?

कामधेनु पुत्री नंदिनी गाय की आकांक्षा से ऋषि वशिष्ठ के ब्रहमऋषि पद से ईर्ष्या करने वाले विश्वामित्र अहंकार की अग्नि में इतने दग्ध हो गए कि उनके वध का संकल्प लेकर उनकी कुटिया पर पहुंचे किंतु वहाँ तो ऋषिवर अपनी धर्मपत्नी से विश्वामित्र के तपोबल की प्रशंसा कर रहे थे

**(v) विश्वामित्र का प्रतिशोध पश्चाताप में क्यों बदल गया?**

**ऋषिवर अपनी धर्मपत्नी से विश्वामित्र के तपोबल की प्रशंसा कर रहे थे।**

**खंड-'ख'**

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :4x1=4**

**(1) "उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी, सुंदर और बलिष्ठ युवक था।" वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।**

विशेषण पदबंध

**(2)"बेईमानी करने वाले तुम कभी सुखी नहीं रहोगे।" वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए।**

बेईमानी करने वाले तुम

**(3) " वह अपनी मस्ती में चला जा रहा था। " में रेखांकित का पदबंध भेद लिखिए।**

क्रिया पदबंध

**(4) पदबंध किसे कहते हैं?**

कई पदों के योग से बने वाक्यांशो को, जो एक ही पद का काम करता है, 'पदबंध' कहते है।

**(5) बिना देखे सड़क पार कर रहे बच्चे को चोट लग गई। में रेखांकित का पदबंध भेद लिखिए।**

संज्ञा पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4×1=4)**

**(1)** जब **सालाना इम्तिहान हुआ** तब **भाई साहब फेल हो गए।**

(2) दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाज़ार जाकर गिरफ़्तार हो गया।

(3) लोग टोलियाँ बनायीं और मैदान में घूमने लगे।

(4) मिश्र वाक्य

(5) संयुक्त वाक्य

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -4x1=4**

(1) 'विद्या के लिए आलय' समस्तपद बनाकर समास का भेद लिखिए। तत्पुरुष समास

(2) पाप-पुण्य, राधा-कृष्ण, हार-जीत कौन-से समास का उदाहरण है? द्वंद समास

(3) 'कालीमिर्च'का समास विग्रह करके समास का भेद लिखिए। कर्मधारय समास.

(4) ऐसा कौन सा समास है इसके पूर्व पद में संख्यावाचक शब्द आता है? द्विगु समास

(5) 'लंबा है उदर' जिसका अर्थात (गणेश) का समस्त पद बनाकर समास का भेद लिखिए। बहुव्रीहि समास

**6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :4x1=4**

(1)'आड़े हाथों लेना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।

- जब सुनील ने मेरे पैसे समय पर नहीं लौटाए, तो मुझे उसे आड़े हाथों लेना पड़ा.

(2)आई.ए.एस. की परीक्षा पास करने के लिए लोहे की चना चबाना

________ पड़ते हैं।

(3) तँतारा समुद्र के किनारे पर वामीरो की बाट जोह रहा -प्रतीक्षा करना

(4) आकाश फ़ेल हो जाने के कारण पहले ही दुखी है। उसका मज़ाक उड़ाकर क्यों उसके घाव पर नमक डालना __________रहे हो?

**(5)' उल्लू बनाना'इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।**

गाँव के लोगों को उल्लू बनाना कोई आसान काम नहीं है

## खंड-ग

**7.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-5x1=5**

**सदियों पूर्व जब लिटिल अंडमान और कार निकोबार आपस में जुड़े हुए थे, तब वहाँ एक सुंदर-सा गाँव था। पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था। उसका नाम था - तताँरा। निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता। अपने गाँव वालों की ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते। वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता। दूसरे गाँव में भी पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता। लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर उसे तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी। तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता। किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे। तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।**

**(1) सदियों पूर्व लिटिल अंदमान और कार-निकोबार की क्या स्थिति थी?**

**(a) दोनों अलग-अलग थे।**

**(b) दोनों आपस में जुड़े थे।**

**(c) दोनों सुनसान और निर्जन थे।**

**(d) दोनो घनी आबादी वाले थे।**

**(2) निकोबारियों का तताँरा के प्रति कैसा व्यवहार था?**

**(a) वे उससे घृणा करते थे।**

**(b) वे उसे बेहद प्रेम करते थे।**

(c) वे उससे भयभीत रहते थे।

(d) वे उसे अपना शत्रु मानते।

(3) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन: निकोबारी तताँरा से बेहद प्यार करते थे।

कारण: तताँरा सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था।

(a) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(b) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।

(c) कथन सही है लेकिन कारण कथन की गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन तथा कारण दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(4)तताँरा अपनी कमर पर क्या बाँधे रहता था?

(a) तरकश

(b) तलवार

(c) मुरली

(d) करधनी

(5) तताँरा की तलवार की विशेषता थी-

(a) वह लकड़ी की थी।

(b) वह तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

(c) उसमें अद्‌भुत दैवीय शक्ति थी।

**(d) उपर्युक्त सभी।**

**8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए - 3x2=6**

**(क) बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर छोटे भाई के व्यक्तित्व का चित्रण कीजिए।**

- छोटा भाई खेल-कूद का शौकीन था और हमेशा खेल में लगा रहता था. वह कंकरियां उछालता था, कागज़ की तितलियां उड़ाता था, और चारदीवारी पर चढ़ता था.
- वह पढ़ने-लिखने में मन नहीं लगाता था और किताब लेकर पढ़ना उसके लिए मुश्किल था.
- वह अपने ही बनाए टाइम टेबल का पालन नहीं कर पाता था.
- वह संवेदनशील था और बड़े भाई की डांट सुनकर रोने लगता था.

**(ख) बंगाल के नाम पर क्या कलंक था? उन्होंने इसे किस प्रकार धोया डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।**

डायरी का एक पन्ना' पाठ के मुताबिक, बंगाल या कलकत्ता पर यह कलंक था कि यहां स्वतंत्रता आंदोलन में काफ़ी कम हिस्सा लिया जा रहा था. लोगों का मानना था कि यहां आज़ादी के लिए कुछ नहीं हो रहा है. इस कलंक को धोने के लिए कलकत्तावासियों ने 26 जनवरी, 1931 को स्वतंत्रता दिवस मनाया था

**(ग) 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर पशु पर्व में होने वाली घटना का उल्लेख कीजिए।**

- पशु पर्व पर हष्ट-पुष्ट पशुओं का प्रदर्शन होता था.
- पशुओं के साथ युवाओं की शक्ति परीक्षा होती थी.
- इसके बाद नृत्य, संगीत, और भोजन का आयोजन होता था.
- इस दिन वामीरो बहुत घबराई हुई थी और बहुत मुश्किल से तताँरा से मिली.
- वामीरो को देखते ही रोने लगी और कुछ बोली नहीं.
- उसके रोने की आवाज़ सुनकर वामीरो की माँ भी वहाँ पर आ गई.

**(घ) तताँरा - वामीरो प्रेम कथा ने निकोबारियों की दृष्टिकोण को बदल दिया। पाठ के आधार पर कथन को सिद्ध कीजिए।**

- ततााँरा-वामीरो की कहानी से निकोबारियों को यह समझ आया कि प्रेम सबको जोड़ता है.
- इस कहानी के बाद निकोबारियों ने दूसरे गांवों में भी आपसी वैवाहिक संबंध बनाए.
- ततााँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु के बाद उनके गांवों में आपसी संबंध बनने लगे.
- इस कहानी से निकोबारियों को यह भी समझ आया कि रूढ़ियां व्यक्ति को बंधनों में जकड़ लेती हैं और इनमें बदलाव करना चाहिए

**9.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए-5x1=5**

**पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,**

**पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।**

**मेखलाकार पर्वत अपार**

**अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,**

**अवलोक रहा है बार-बार**

**नीचे जल में निज महाकार,**

**जिसके चरणों में पला ताल**

**दर्पण-सा फैला है विशाल।**

**1. पद्यांश में किस ऋतु में किस प्रदेश का वर्णन किया गया है?**

**(a) वसंत ऋतु में पठारी प्रदेश का**

**(b) शीत ऋतु में मैदानी प्रदेश का**

**(c) ग्रीष्म ऋतु में मरु प्रदेश का**

**(d) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश**

2. 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है?

(a) पृथ्वी के आकार की

(b) करधनी के आकार की

(c) सूरज के आकार की

(d) गेंद के आकार की।

3. कवि ने 'ताल' की समानता किसके साथ की है?

(a) दर्पण से

(b) पानी से

(c) तालाब से

(d) हज़ारों नेत्रों से।

4. सहस्त्र दृग-सुमन से क्या तात्पर्य है?

(a) हजारों पुष्प

(b) हजारों पुष्प रूपी नेत्र

(c) नेत्र रूपी पुष्प

(d) इनमें से कोई नहीं

5. पर्वत श्रृंखला की कवि ने किससे तुलना की है?

(a) मालाओं से

(b) पुष्प रूपी आँखों से

(c) करधनी के आकार से

**(d) हजारों नेत्रों से**

**10.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-3x2=6**

**(क)** सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' इस पंक्ति में हिमालय भारत के मान-सम्मान का प्रतीक है. हिमालय को देश का मुकुट भी कहा जाता है क्योंकि यह भारतीय महाद्वीप की उत्तरी सीमा को ढकता है. इस पंक्ति के ज़रिए कवि यह कहना चाहता है कि हिमालय हमारा सुरक्षा प्रहरी है और हमें अपने सिर कट जाने की परवाह नहीं है, बशर्ते हम हिमालय का सिर झुकने न दें

**(ख)** विरासत में मिली चीज़ें हमें अपने इतिहास और पूर्वजों की याद दिलाती हैं.

- इनसे हमारा भावनात्मक संबंध होता है.
- ये चीज़ें हमें बताती हैं कि हमारे पूर्वजों ने अपना जीवन कैसे जिया होगा.
- ये चीज़ें हमें हमारे पूर्वजों की उपलब्धियों के बारे में भी बताती हैं.
- विरासत में मिली चीज़ों को अपने पूर्वजों के आशीर्वाद के रूप में भी माना जाता है.
- विरासत में मिली चीज़ों में तात्कालिक परिस्थितियों की जानकारी के साथ दिशा-निर्देश भी मिलते हैं.
- विरासत में मिली चीज़ों का बहुत महत्व होता है.

**(ग)** कवि कहते हैं कि मृग की नाभि में कस्तूरी रहता है जिसकी सुगंध चारों ओर फैलती है। मृग इससे अनजान हो पूरे वन में कस्तूरी की खोज़ में मारा-मारा फिरता है। इस साखी में कबीर ने हिरण को उस मनुष्य के समान माना है जो ईश्वर की खोज में दर-दर भटकता है और कस्तूरी को मनुष्य के हृदय में रहने वाले राम (ईश्वर) के समान माना है।

**11. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए-3x2=6**

**(क)** कवि कहते हैं कि मृग की नाभि में कस्तूरी रहता है जिसकी सुगंध चारों ओर फैलती है। मृग इससे अनजान हो पूरे वन में कस्तूरी की खोज़ में मारा-मारा फिरता है। इस साखी में कबीर ने हिरण को उस मनुष्य के समान माना है जो ईश्वर की खोज में दर-दर भटकता है और कस्तूरी को मनुष्य के हृदय में रहने वाले राम (ईश्वर) के समान माना है।

(ख) विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं केवल इतना हों (करुणामय) कभी न विपदा में पाऊँ भय। दु:ख-ताप से व्यथित चित्त को न दो सांत्वना नहीं सही पर इतना होवे (करुणामय) दुख को मैं कर सकूँ सदा जय। कोई कहीं सहायक न मिले तो अपना बल पौरुष न हिले; हानि उठानी पड़े जगत् में लाभ अगर वंचना रही तो भी मन में ना मानूँ क्षय।। मेरा त्राण करो अनुदिन तुम यह मेरी प्रार्थना नहीं बस इतना होवे (करुणायम) तरने की हो शक्ति अनामय। मेरा भार अगर लघु करके न दो सांत्वना नहीं सही। केवल इतना रखना अनुनयवहन कर सकूँ इसको निर्भय। नत शिर होकर सुख के दिन में तव मुख पहचानूँ छिन-छिन में। दु:ख-रात्रि में करे बंचना मेरी जिस दिन निखिल मही उस दिन ऐसा हो करुणामय, तुम पर करूँ नहीं कुछ संशय।।

**खंड- घ**

**(रचनात्मक लेखन)**

**12.दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-5**

**(क) ऑनलाइन खरीदारी :समय की माँग**

***ऑनलाइन खरीदारी से अभिप्राय *खरीददारी करते समय संयम की आवश्यकता खरीददारी के समय सावधानियाँ**

**(ख) स्त्री शिक्षा: वर्तमान और भविष्य**

***स्त्री शिक्षा की जरूरत *देश में स्त्रियों की शिक्षा की वर्तमान अवस्था *भविष्य में बेहतरीन के लिए प्रयास**

**(ग)प्लास्टिक की दुनिया**

*** प्लास्टिक का आविष्कार और इसका उपयोग *प्लास्टिक के गुण एवं दोष *प्लास्टिक का पर्यावरण पर प्रभाव**

**13.आपके मोहल्ले में बिजली प्रायः रात्रि के समय कई कई घंटे के लिए चली जाती है। बिजली संकट से उत्पन्न कठिनाइयों को बताते हुए बिजली विभाग के अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।5**

**अथवा**

**आप नमिता/ नामित है विद्यालय में क्रिकेट प्रशिक्षण(कोचिंग) की व्यवस्था करने के लिए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

**14.आपके शहर में एक नया वाटर पार्क खुला है, जिसमें पानी के खेल, रोमांचक झूलों, मनोरंजन खेलो और खान-पान की व्यवस्था है। इसके लिए एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए ।3**

**अथवा**

**छतरी के लिए एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।**

**15.आप गंगोत्री विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव है 'अंतर्विद्यालय कहानी प्रतियोगिता' की जानकारी देते हुए छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहन देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।4**

**अथवा**

**आप गोकुलधाम अपार्टमेंट के सचिव हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपार्टमेंट के पार्क में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी अपार्टमेंट के लोगों तक पहुँचाने के लिए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।**

**16.अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को फीस माफ़ करने हेतु लगभग 80 शब्दों में एक ईमेल लिखिए।5**

**अथवा**

**'अभ्यास की शक्ति' विषय पर एक लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।**